## एक नजर में

### रिटायर्ड रेंजर की पत्नी की सड़क हादसे में मौत

**बैतूल।** बैतूल के हमलापुर निवासी और वन विभाग के रिटायर्ड रेंजर शिवपाल साकरे की पत्नी हस्ली बाई साकरे (65) की गुरुवार शाम सड़क हादसे में मौत हो गई। नागपुर ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। अस्पताल पुलिस चौकी शुक्रवार को मृतका का पोस्टमार्टम करवा रही है। पुलिस के अनुसार मृतका पारिवारिक आयोजन में हिस्सा लेने गांव गई थीं। वह अपने बेटे राजू के साथ बाइक से कुमुदरा से लौट रही थीं। भयावाड़ी के पास बाइक स्पीड ब्रेकर से उछल गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन पहले उन्हें निजी राठी अस्पताल ले गए। हालत नाजुक होने पर उन्हें प्राइवेट एंबुलेंस से नागपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इसके बाद शव को वापस बैतूल लाकर अस्पताल की मर्चुरी में रखवाया गया। शाम होने के कारण पोस्टमार्टम नहीं हो सका था। घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने की कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले में मर्ग कायम कर केस डायरी कोतवाली पुलिस को भेजी जाएगी।

### दिनभर चलता रहा मूर्तियों के विसर्जन का दौर

**सारनी।** राजडोह घाट पर मां दुर्गा की पूजा अर्चना के बाद मूर्तियों का विसर्जन दिनभर चलता रहा। नपा एवं पुलिस प्रशासन की निगरानी में बड़ी मूर्तियों को हाइड्रा रख कर नदी में प्रवाहित किया गया। विसर्जन स्थल पर एसडीओपी प्रियंका करचाम ने पुलिस बल के साथ मोर्चा संभाल रखा था। विसर्जन स्थल पर नपा प्रशासन के द्वारा समुचित लाईटिंग एवं पार्किंग व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए बकायदा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई थी। घाट पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का शांतिपूर्ण तरीके से विसर्जन हुआ है। नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया विसर्जन स्थल एवं रावण दहन कार्यक्रम में व्यवस्था का जायजा लेते रहे।

### विश्व को गांधी जी विचार पर चलने की आवश्यकता

**बैतूल।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, प्रभात पट्टन में राष्ट्रीय योजना इकाई द्वारा गांधी जयंती, अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस, और दशहरा का संयुक्त रूप से भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा जी, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य सीएस पटेल के मार्गदर्शन में बच्चों ने लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर वृष्टि अपने उद्गार प्रकट किए। गांधी जी पर सुंदर कविता-कल्पना, समूह गीत रघुपति राघव राजा राम कक्षा 10वीं की छात्रा द्वारा व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता-शौर्य, अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर भाषण -रक्षा ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सीएस पटेल ने अहिंसा, सत्य और धर्म के महत्व को और शांति व अहिंसा को जीवन में धारण करने का संदेश दिया। उन्होने कहा कि आज विश्व को गांधी जी विचार पर चलने की आवश्यकता है। जगदीश प्रसाद कीर ने सभी बच्चों व समस्त स्टाफ को सामूहिक शपथ ग्रहण दिलाई गई नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनायेंगे। कार्यक्रम में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत में कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर पर पौधारोपण किया और एवं संरक्षण की जिम्मेदारी ली। साथ ही 12वीं ए और 12वीं बी के मध्य वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया।

# दुकानदारों ने बकाया राशि जमा नहीं की तो नपा करेगी तालाबंदी

**नवभारत न्यूज**

**बैतूल, 3 अक्टूबर. राजस्व वसूली को लेकर नगरपालिका अब सख्त हो गई है। नगरपालिका ने अपने आधिपत्य वाले 22 कॉम्प्लेक्स के दुकानदारों को बकाया किराया जमा करने के लिए नोटिस जारी किये है।**

**राजस्व वसूली को लेकर सख्त हुई नपा**

**दुकानदारों को बकाया राशि जमा करने थमाये नोटिस**




यदि नोटिस के बाद भी दुकानदार किराया जमा नहीं करते है तो तालाबंदी जैसी कार्रवाही भी हो सकती है। दरअसल 470 दुकानदारों पर करीब 70 लाख रुपए से अधिक का किराया बकाया है। लंबे समय से भुगतान न होने के कारण नगर पालिका ने सख्त रुख अतियार किया है। राजस्व शाखा की ओर से सभी दुकानदारों को नोटिस जारी कर किराया जमा करने का आदेश दिया गया है। नोटिस में स्पष्ट लिखा गया है कि यदि तय समय सीमा में राशि जमा नहीं की गई तो दुकानों में तालाबंदी की कार्रवाई की जाएगी। नगर पालिका राजस्व शाखा प्रभारी सुभाष प्रजापति ने बताया कि इस बार ढील नहीं दी जाएगी। नोटिस के बाद यदि बकाया जमा नहीं हुआ तो तालाबंदी अनिवार्य होगी। इसके लिए नगर पालिका ने ताले भी जुटाने शुरू कर दिए हैं। यदि कार्रवाई के दौरान विवाद की स्थिति बनती है तो दुकानों को सील करने तक की तैयारी की गई है। नगर पालिका के अनुसार, दुकानदारों को प्रतिमाह किराया जमा करना होता है, लेकिन अधिकांश व्यापारियों ने महीनों से भुगतान नहीं किया है। पूर्व में भी कई बार नोटिस जारी किए गए, मगर स्थिति जस की तस बनी रही। लोक अदालत में कुछ दुकानदारों ने राशि जरूर जमा कर दी, लेकिन संख्या बहुत कम रही। ऐसे में अब नपा प्रशासन का कहना है कि सख्त कार्रवाही के अलावा दूसरा विकल्प नहीं बचा। यदि दुकानदार 7 दिवस के भीतर किराया जमा नहीं करते है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाही की जायेगी।

> वित्तीय स्थिति में सुधार करना है तो राजस्व संग्रहण को बढ़ाना होगा। इसके लिए बकायादारों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नपा अधिपत्य वाले काप्लेक्सों में लोग दुकानें संचालित कर रहे हैं, लेकिन समय पर किराया जमा नहीं करते है। हमने बकायादारों को नोटिस जारी किए हैं। किराया जमा नहीं किया तो तालाबंदी की जाएगी।
>
> **सतीश मटसेनिया,** सीएमओ नगरपालिका बैतूल

### नोटिस के बाद भी नहीं जमा हुआ किराया

नगर पालिका के अनुसार, दुकानदारों को प्रतिमाह किराया जमा करना होता है, लेकिन अधिकांश व्यापारियों ने महीनों से भुगतान नहीं किया है। पूर्व में भी कई बार नोटिस जारी किए गए, मगर स्थिति जस की तस बनी रही। लोक अदालत में कुछ दुकानदारों ने राशि जरूर जमा कर दी, लेकिन संख्या बहुत कम रही। ऐसे में अब नपा प्रशासन का कहना है कि सख्त कार्रवाही के अलावा दूसरा विकल्प नहीं बचा। यदि दुकानदार 7 दिवस के भीतर किराया जमा नहीं करते है तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाही की जायेगी। यहां तक कि तालाबंदी जैसे कड़े कदम भी उठाये जा सकते है।

### व्यापारियों का आरोप, नपा नहीं दे रही सुविधाएं

नियमित किराया चुकाने वाले दुकानदार भी सुविधा विहीन कॉप्लेक्स में व्यापार करने को मजबूर हैं। व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका हर दो-तीन साल में किराए में बढ़ोतरी कर देती है, लेकिन मेंटेनेंस पर ध्यान नहीं देती। कई कॉप्लेक्स सालों पुराने हैं, जिनकी छतें जर्जर हो चुकी हैं और बारिश के दिनों में दुकानों में पानी टपकता है। दुकानदारों का कहना है कि जब सुविधाएं नहीं दी जा रही तो किराए की वसूली क्यों की जा रही है। कई कॉप्लेक्सों में शौचालय तक नहीं हैं और जहां बने हैं वहां साफ-सफाई नहीं है। व्यापारियों का कहना है कि नपा को काम्प्लेक्स में सुविधाओं पर भी ध्यान देना चाहिए।

## शुक्रवार सुबह तक हुआ मातारानी की प्रतिमाओं का विसर्जन

**बैतूल। देवी प्रतिमाओं के विसर्जन का सिलसिला गुरुवार दोपहर से शुरू होकर शुक्रवार सुबह तक चला।**

**पुलिस की रही चौक-चौबंद व्यवस्था**

**कलाकारों ने अखाड़ों का किया प्रदर्शन**



शहर के विभिन्न मोहल्लों और क्षेत्रों से भव्य शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें पारंपरिक अखाड़ों का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला। ढोल-नगाड़ों और भक्ति गीतों के बीच उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना रहा। विसर्जन के दौरान बच्चा जेल चौक स्थित देवी काली की प्रतिमा का चल समारोह रात 12 बजे शुरू हुआ। इससे पहले हजारों भक्तों की मौजूदगी में भव्य आरती और पूजन संपन्न हुआ। श्री हनुमान व्यायाम शाला के कलाकारों ने जिम्नास्ट और अन्य करतब भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर देवी और भगवान शंकर की प्रतिमाओं का भी चल समारोह निकाला गया। पुलिस प्रशासन ने त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की। हर मार्ग पर पुलिस बल तैनात रहा, जिसके कारण अधिकांश कार्यक्रम शांति और अनुशासन के साथ पूरे हुए। हालांकि, विसर्जन के दौरान इक्का-दुक्का स्थानों पर मारपीट की घटनाएं भी सामने आईं, जिन पर पुलिस ने तुरंत हस्तक्षेप कर स्थिति को नियंत्रित किया। इन छोटी-मोटी घटनाओं के बावजूद, संपूर्ण आयोजन बड़े पैमाने पर शांतिपूर्ण माना गया। शहर के टिकारी, कोठीबाजार और अन्य क्षेत्रों से निकली प्रतिमाएं मुख्य मार्ग होते हुए विसर्जन स्थल तक पहुंचीं। श्रद्धालुओं ने वहां देवी प्रतिमाओं को श्रद्धापूर्वक विदा किया।

## भावन्तर योजना पर किसानों का भरोसा नहीं

**बैतूल।** भारतीय किसान संघ जिला बैतूल द्वारा मुख्यमंत्री के नाम से भावान्तर नहीं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित करने की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शासन की भावांतर योजना के विरोध में एवं समर्थन मूल्य पर खरीदी सुनिश्चित किए जाने के विषय पर ज्ञापन सौंप कर चर्चा की। इस मौके संघ के संभागीय कार्यालय मंत्री नकुल सिंह चंदेल ने कहा कि भावांतर योजना किसानों के हित में नहीं है। खरीफ फसलों को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ही सरकार खरीदी करे। जिला अध्यक्ष मनोज



नावंगे ने कहा कि भावांतर योजना पर किसानों का भरोसा नही रहा है। पूर्व में खरीदी की गई फसलों का अंतर की राशि आज तक प्राप्त नहीं हुई है। खरीफ फसलों पर एमएसपी पर ही खरीदी करे। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि मांगे पूरी नहीं होने की दशा में संघ किसानों के हित में सडकों पर आंदोलन करेगा। इस अवसर पर नरेंद्र गोठी जिला सदस्य संतोष पाल नगर अध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष नकुल भूसारे, अध्यक्ष आमला संतोष यादव, जिला सह मंत्री केशोराव साकरे सहित संघ के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

## महिला और बच्चा कुएं में डूबे, दोनों की मौत, पुलिस कर रही जांच

**बैतूल।** निमझिरी गांव में एक 45 वर्षीय महिला और 5 साल के मासूम बच्चे की कुएं में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम कराया और परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार प्रेमवती (45), पति सुखराम, मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। परिजनों ने बताया कि गुरुवार शाम वह अपने देवर के बेटे हरीश (5) के साथ घर के पीछे बने कुएं की ओर गई थीं। कुछ देर बाद दोनों कुएं में डूब गए। बोड़खी चौकी प्रभारी अमित पवार ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह दुर्घटना प्रतीत होती है। आशंका है कि हरीश खेलते-खेलते कुएं में गिर गया और उसे बचाने के लिए प्रेमवती भी कूद पड़ीं, जिससे दोनों की डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों को कुएं से बाहर निकाला। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गांव के सरपंच रामदीन पिपरदे ने बताया कि मृतका प्रेमवती का 17 वर्षीय बेटे की एक साल पहले सड़क हादसे में मौत हो गई थी। तभी से वह मानसिक तनाव में थीं और बीमार रहने लगी थीं। वहीं मासूम हरीश अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसकी आठ बहनें हैं। इस हादसे से पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

## अवैध रूप से शराब बेचने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत, बैतूल।** पुलिस ने अवैध रूप से शराब बेचने वाले दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नाव घाट सारणी में दुर्गा विसर्जन ड्यूटी के दौरान पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना मिली थी कि सारणी तरफ एक सफेद रंग बोलेरो क्र एमएच 29 एल 0052 में अवैध रूप से शराब भरकर ग्रामीण क्षेत्र में बेचने के लिए लेकर जा रहे है। पुलिस ने बोलेरो रोका, जिसमें अवैध शराब 8 खाकी रंग के कार्टून, जिसमें लिमोन्ट बियर लिखा है, प्रत्येक में 12 बियर कुल 96 बाटल प्रत्येक में 650 एमएल कुल 62.400 लीटर एवं 2 देशी प्लेन शराब के खाकी रंग के कार्टून



के 4 पैकेट प्रत्येक पैकेट में 50 क्वाटर प्रत्येक में कुल 200 क्वाटर प्रत्येक में 180 एमएल शराब कुल 36 लीटर शराब, आफीसर्स च्वाईस के कार्टून में 48 क्वाटर कुल 144 क्वाटर प्रत्येक में 180 एमएल कुल 25.920 लीटर एवं गोवा लाल के डेढ़ पेटी एक में 50 क्वाटर एवं एक में 25 क्वाटर कुल 75 क्वाटर प्रत्येक में 180 एमएल कुल 13500 एमएल कुल 137.820 लीटर कुल कीमती 55090 रूपये की पाई जाने पर संतोष वर्मा और शिवराम उर्फ गोलू मवासे को गिरफ्तार कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाही की है। जानकारों का कहना है कि जानबूझकर गांव-गांव शराब पहुंचाई जा रही है। ऐसी स्थिति में शराब ठेकेदार का लाइसेंस निलंबित होना चाहिए।

## दुर्गा मूर्ति विसर्जन करने गए युवक की पानी में डूबने से मौत

**आठनेर।** आठनेर बैतूल रोड पर स्थित ताप्ती नदी में 27 वर्षीय युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान मांडवी निवासी संदीप उर्फ गोलू पिता हेमराज उर्फ़ हेमू भरतपुर साहू के रूप में की गई। कोलगांव कोटवार मारुति वामनकर ने बताया कि युवक मांडवी की सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति की प्रतिमा विसर्जित करने ताप्ती नदी अपने साथियों के साथ गया हुआ था। आठनेर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार,दिनेश धुर्वे एसआई, संतोष चौधरी, महिला आरक्षण श्वेता सहित आधे दर्जन से अधिक पुलिस पर सुरक्षा व्यवस्था में तैनात था, तभी किसी युवक ने आकर आठनेर थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार को सूचना दी कि शवदाह वाले टीन सेट के पास एक युवक की नदी में डूबने से मौत हो गई है। थाना प्रभारी ने आनन फानन में अपने पुलिस बल को लेकर घटनास्थल के पास गए, जहां युवक की पहचान मांडवी निवासी गोलू उर्फ हेमराज के रूप में कर मर्ग कायम कर विवेचना में ले लिया गया। कोलगांव कोटवार मारुति वामनकर ने बताया कि घटना 2 बजे की है। थाना क्षेत्र बैतूल बाजार में आता है। मांडवी के ग्रामीणजनो ने बताया कि मृतक अविवाहित था एवं हम्माली का कार्य करता था।

## राज अभिषेक के साथ रामलीला का समापन


**भैंसदेही। नवयुवक दुर्गा रामलीला मंडल के शारदीय नवरात्र के दस दिवसीय आयोजन का अटल बिहारी वाजपेयी स्टेडियम में रंग बिरंगी मनमोहक आतिशबाजी के बीच रावण और मेघनाथ के पुतलों का दहन कर किया गया।**



आमंत्रित अतिथियों ने असत्य पर सत्य की जीत के प्रतीक पर्व विजयादशमी की उपस्थिति जन समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया। रामलीला मंचन के अंतिम दिन अहिमही रावण वध, पुष्पक विमान से श्रीराम का लक्ष्मण सीता विभीषण, हनुमान और वानरों के साथ अयोध्या लौटना,और अयोध्या में उत्साह के साथ श्रीराम के राज अभिषेक का सुंदर मंचन किया गया। ज्ञात हो कि देर रात तक हुए रामलीला के मंचन में बीते दिनों की तुलना में भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया ,वहीं पत्रकारों एंव नागरिकों द्वारा श्रेष्ठ कलाकारों को उनकी कला प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत भी किया गया। रामलीला मंडल के चिन्धयाजी जो जटायू एंव अन्य महिला पात्रों का अभिनय रामलीला में करते है तथा सीता का अभिनय करने वाले मोहन सिमैय्या को पुरुस्कार दिया गया।

## असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है विजयदशमी का पर्व

**सारनी।** असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। रामरखयानी स्टेडियम में रामलीला में रावण का वध होने के बाद मनमोहक आतिशबाजी का शानदार नज़ारा देखने को मिला। दशहरे के कार्यक्रम विधायक योगेश पंडाग्रे ने सह परिवार शिरकत की। इस मौके पर मुख्य अभियंता व्ही के कैथवार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसएन सिंह,श्री गुप्ता, उत्सव समिति के सचिव नरेश पनवार,नपा अध्यक्ष किशोर बरदे, पूर्व सचिव आरके मरकाम सहित पावर प्लांट के अधिकारी, कर्मचारी भारी संख्या में



मौजूद थे। दशहरा पर्व का मुख्य कार्यक्रम रामरखयानी स्टेडियम में आयोजित किया जाता हैं। सतपुड़ा उत्सव समिति के तत्वाधान मे प्रतिवर्ष दुर्गा पूजा का पंडाल बनाया जाता है। इस बार दुर्गा पंडाल सोमनाथ मंदिर की तर्ज पर बनाया गया। उत्सव समिति 10 दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन करती है। इस बार बरसात को देखते हुए तीन कार्यक्रमों को रद्द कर 3 से 5 अक्टूबर तक कराने का निर्णय लिया है। दशहरा पर्व पर मुख्य अभियंता व्हीके कैथवार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसएन सिंह एवं उत्सव समिति से जुड़े पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक योगेश पंडाग्रे ने कहा कि 660 मेगावाट क्षमता वाली नई इकाई की सौगात मिली है। इकाई का कार्य जल्द शुरू करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। पावर प्लांट के मुख्य अभियंता श्री केथवास ने कहा कि असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी का पर्व प्रतिवर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। दुर्गा पूजा एवं कार्यक्रमो के लिए अधिकारी,कर्मचारी, ठेकेदार एवं व्यापारी गण सहयोग देते हैं। उन्होंने कहा कि दस दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रमो का सफल आयोजन करने के बाद मनमोहक आतिशबाजी एवं रावण दहन किया जाता है। कार्यक्रम के अंत में सतपुड़ा उत्सव समिति के सचिव नरेश पनवार ने मुख्य अतिथि सहित सभी अधिकारी नागरिकों को विजयादशमी की बधाई दी।

**ज्ञापन** | **मांग पूरी ना होने पर आंदोलन की चेतावनी**

## 17 सालों के आंदोलन के बाद भी ट्रेनों से वंचित है मुलताई स्टेशन

**मुलताई। पवित्र नगरी मुलताई जो कि सृष्टि की प्रथम नदी का उदगम स्थल है जहां हर साल लाखो की संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते है जिनके आवागमन के लिए ट्रेनो की उचित व्यवस्था नही होने के कारण पिछले 2 दशको से लगातार मुलताई रेल्वे स्टेशन पर ट्रेनो के स्टापेज की मांग उठती रही है।**

**मांगें पूरी नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी**

**स्टॉपेज नहीं होने से परेशान हो रही आमजनता**



लेकिन तीन दशकों से भाजपा के सांसद होने के बाद भी उनके द्वारा मुलताई के ओर ध्यान नही दिया गया है। वही तीर्थ स्थल होने के बाद भी समुचित सुविधाओं से वंचित हो रहा है। मुलताई में जनआंदोलन मंच के नेतत्व में 40 से अधिक संगठनों द्वारा 2 दशकों से ट्रेन स्टापेज की मांग उठाई जा रही है। नगर में चिकित्सा सेवा अच्छी नही है वही नजदीक ही नागपुर शहर में चिकित्सा की उचित व्यवस्था लोगों को प्राप्त हो जाती है लेकिन नगर से मरीजों को लाने ले जाने के लिए सुबह 6 बजे के बाद दोपहर 3 बजे के मध्य कोई साधन नही है । जिसके कारण कई मरीज नागपुर ले जाते समय रास्ते में दम तोड देते है। वहीं नगर में अपर सेशन जज की दो अदालते है,वहीं जबलपुर में हाईकोर्ट है,सेशन कोर्ट की अपील हाईकोर्ट में होने के कारण तथा कोर्ट के अन्य कार्यों से जबलपुर जाना पड़ता है, लेकिन जबलपुर जाने आने के लिए भी नगर से कोई ट्रेन नहीं है। शुक्रवार जन आंदोलन मंच के अनिल सोनी द्वारा मुलताई रेलवे अधीक्षक हिमांशु कुमार को रेलमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर अमरावती नागपुर जबलपूर, नागपुर इंदौर वंदे भारत, संघमित्रा एक्सप्रेस, जोधपूर पुरी एक्सप्रेस का स्टापेज की मांग की गई है, मांग नही होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

### कई जनप्रतिनिधियों को दिए जा चुके हैं ज्ञापन

नगर में ट्रेनो के स्टापेज को रेलमंत्री सुरेश प्रभु, लोक सभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ,रेल मंत्री पियुष गोयल, केन्द्रीय राज्यमंत्री दुर्गादास उइके सहित कई जनप्रतिनिधियों को कई बाद ज्ञापन दि जा चुके है जिस पर सभी का कहना है कि आपके सांसद के द्वारा मांग किए जाने पर ही ट्रेन का ठहराव प्राप्त हो सकता है। पुर्व के लोकसभा चुनाव के पूर्व मुलताई में बस स्टेड पर सर्वदलीय आंदोलन किया गया था,जिसमें वर्तमान सांसद दुर्गादास उइके द्वारा आंदोलन स्थल पर पहुच कर आश्वासन देते हुए आंदोलन स्थगित करवाया गया था। लेकिन आश्वासन के इतने दिन बाद भी आज तक कोई नई ट्रेन का स्टापेज प्राप्त नही हुआ है।

## संघ शताब्दी वर्ष पर निकला पथ संचलन

**बैतूल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विजयदशमी पर्व के अवसर पर बैतूल जिले के भैंसदेही खंड के विजयग्राम मंडल और बैतूल नगर की श्री राम बस्ती बडोरा में संघ का पथ संचलन निकाला गया। इस गरिमामयी आयोजन में 400 से अधिक स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में अनुशासन के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर संघ चालक संजय घिडोडे ने की, जबकि मुख्य अतिथि शंकर नागले, बस्ती प्रमुख यादोराव देशमुख एवं मुख्य वक्ता नरेश लहरपुरे, जिला प्रचार प्रमुख मंचासीन रहे। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं शस्त्र पूजन से हुई। इसके पश्चात अमृतवचन, एकल गीत की प्रस्तुति दी गई, तत्पश्चात नरेश



लहरपुरे ने अपने प्रेरणादायी वक्तव्य में कहा कि असत्य पर सत्य की, अधर्म पर धर्म की, अंधकार पर प्रकाश की और रावण पर श्रीराम की विजय का यह पर्व हम सबके लिए आदर्श बनना चाहिए। उन्होंने संघ की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नींव रखी थी। मात्र 15 वर्षों में उन्होंने संघ को पूरे देश में विस्तार दिया। द्वितीय सरसंघचालक श्री गुरुजी ने अपने 33 वर्षों के कार्यकाल में समाज जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में जागरण किया। बाला साहब देवरस ने समाज की चुनौतियों को पहचाना और समाधान की दिशा में कार्य किया।